हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 6 मई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 कनहर नदी की रेत में पोकलेन से कराया जा रहा बड़े डबरी का निर्माण



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### एसपी ने 8 पुलिस अधिकारियों को किया स्थानांतरित

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से सरगुजा पुलिस में पदस्थ 3 निरीक्षक, 3 उप निरीक्षक एवं 2 सहायक उप निरीक्षकों का स्थानांतरण आदेश जारी कर नवीन पदस्थापना स्थल पर तत्काल प्रभाव से पदस्थ करते हुए अधिकारियों को थाना क्षेत्रों में बेहतर पुलिसिंग करने निर्देशित किया है। स्थानांतरण आदेश में निरीक्षक शशिकांत सिन्हा ने थाना प्रभारी दरिमा से थाना प्रभारी लखनपुर, निरीक्षक भरतलाल साहू को रक्षित केंद्र अम्बिकापुर से थाना प्रभारी दरिमा, निरीक्षक मनोज प्रजापति को थाना प्रभारी लुण्ड्रा से रक्षित केंद्र अम्बिकापुर सम्बद्ध प्रभारी साइबर सेल, उप निरीक्षक शिशिरकांत सिंह को प्रभारी साइबर सेल अम्बिकापुर से थाना प्रभारी लुण्ड्रा, उप निरीक्षक नवल किशोर दुबे को थाना गांधीनगर से थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर, उप निरीक्षक प्रेम सागर खुटिया को रक्षित केंद्र अम्बिकापुर से थाना गांधीनगर, सहायक उप निरीक्षक चंद्रप्रताप सिंह को चौकी रघुनाथपुर से यातायात शाखा अम्बिकापुर, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय को रक्षित केंद्र अम्बिकापुर सम्बद्ध पुलिस अधीक्षक कार्यालय से थाना अम्बिकापुर में पदस्थ किया गया।

### बाइक भिंड़त में दो युवकों की गई जान, दो गंभीर

**अम्बिकापुर।** गलफूली नदी के समीप दो बाइक के आमने सामने भिंड़त हो जाने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम रतासिली निवासी सोनू एक्का आ. सुरेश एक्का गत दिन ग्राम ककली शंकरगढ़ रोहित के घर मेहमानी करने दोस्त मनोज के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीबी 9498 से गया था। रात को दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे। इसी बीच ग्राम डिण्डो निवासी आयान एराकी अपने दोस्त सैफ के साथ कृष्णा नगर निवासी नाना मो. कोकीम के यहां बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 1168 से गए थे। वापस घर लौटते समय बाइक सवार कसमार से कपड़ा लेकर लौटने लगे और जैसे ही गलफुला नदी के समीप पहुंचे तभी सोनू एक्का की बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक सोनू व आयान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगते ही दोनों परिवार के लोग घटनास्थल गए और घायल को सीएचसी कुसमी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने सोनू व आयान की जांच कर मृत घोषित कर दिया जबकि दुर्घटना में घायल दो युवकों का उपचार जारी है।

## पांच दशकों से कर रहे हैण्डपंप लगाने की मांग

# दुमढोढ़ा बस्ती में हैंडपंप तक नहीं ग्रामीण ढोढ़ी से बुझा रहे प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/मैनपाट

शासन द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत गांवों में पानी टंकी के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है व हीं छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदारीडीह के दुमढोढ़ा बस्ती में अभी तक प्रशासन हैण्डपंप तक की व्यवस्था नहीं कर सका है। ग्रामीण पिछले पांच दशकों से ढोढ़ी के पानी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

**खास बातें**
- बांस-बल्ली के सहारे गांव तक पहुंचाई बिजली
- कठिन परिस्थितियों में कर रहे जीवन-यापन

विकासखण्ड मुख्यालय नर्मदापुर से कुछ दूरी पर स्थित है ग्राम पंचायत कुदारीडीह की आश्रित बस्ती दुमढोढ़ी की दूरी विकासखण्ड मुख्यालय नर्मदापुर से 7 किमी एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय से 5 किमी है। विरल बसाहट वाले दुमढोढ़ा की दूरी अधिक होने के कारण बस्ती के ग्रामीण पिछले पांच दशकों से मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। ग्रामीणों के आवागमन के लिए पगडंडी का सहारा है। ग्रामीणों ने बांस-बल्ली के सहारे गांव तक बिजली के तार पहुंचा दिए हैं तथा हुकिंग कर अपने घरों को रोशन भी कर रहे हैं। कम आबादी होने के कारण बाहरी लोगों का आवागमन यदाकदा ही होता है। चुनाव के दौरान उम्मीदवारों एवं समर्थकों की आवाजाही होने से गांव की रौनक बढ़ जाती है। आगंतुक ग्रामीणों के कठिन जीवन को निकट से देखते हैं तथा समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन भी देते हैं लेकिन कभी इनकी हालत नहीं बदली। गांव में सबसे बड़ी समस्या स्वच्छ पेयजल की है। अभी तक प्रशासन दुमढोढ़ा बस्ती में हैंडपंप तक की व्यवस्था नहीं कर सका है। बस्ती के पास से ही बरिमा नाला गुजरा है। नाला के किनारे एक प्राकृतिक ढोढ़ी है। ग्रामीण सालो भर इसी ढोढ़ी के पानी से अपनी प्यास बुझाते हैं। जल जीवन मिशन के तहत कुदारीडीह में पानी टंकी का निर्माण किया गया है। योजना के माध्यम से नियमित घर-घर पेयजल की आपूर्ति भी की जा रही है दुमढोढ़ा बस्ती की दूरी अधिक होने के कारण गांव तक पाइपलाईन का विस्तार नहीं हो सका है। ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद जगी थी लेकिन तत्कालीन पंचायत प्रतिनिधियों ने अधिक दूरी का हवाला देकर पाइप लाइन विस्तार करने से मना कर दिया। इस संबंध में सरपंच मिथिलेश डोरा ने बताया कि दुमढोढ़ा बस्ती में पेयजल की समस्या है। समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। जनपद सदस्य मृगेन्द्र सिंह ने कहा कि मैं आज ही ग्रामीणों से मिलकर समस्या की जानकारी लेता हूं। समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।



ढोढी से पानी भरती महिलाएं।

### बरसात में नाले के पानी का सहारा

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में नाला लबालब हो जाता है तथा नाले में बाढ़ आने से किनारे की ढोढ़ी डूब जाती है। ऐसे में ग्रामीणों को तीन महीने तक नाले के पानी से प्यास बुझानी पड़ती है। ग्रामीण नाले का पानी लाकर पानी में घुले मिट्टी के नीचे बैठने का इंतजार करते हैं इस पानी का उपयोग पीने एवं भोजन बनाने के लिए करते हैं। जानकारी के अभाव में ग्रामीण अपनी समस्याओं के लिए पंचायत पर निर्भर है। चुनाव के दौरान लोग समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन तो देते हैं लेकिन चुनाव के बाद वादा भूल जाते हैं।

### पांच दशकों से विकास का इंतजार

दुमढोढ़ा निवासी रामप्रसाद कुजूर आ.कुंवर साय ने बताया कि 50 साल पूर्व एक-दो परिवारों ने बस्ती की नींव डाली थी। अब बस्ती में 15 से अधिक परिवार निवासरत है। कम आबादी एवं अधिक दूरी होने के कारण बस्ती की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। गांव के सभी लोग पारंपरिक खेती एवं वनोपज पर आश्रित है। स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण बच्चे शिक्षा से दूर है। ग्रामीणों ने स्वयं बांस-बल्ली के सहारे डेढ़ किमी दूर से बस्ती तक बिजली पहुंचाया है। पेयजल समस्या से जनप्रतिनिधियों को अनेको बार अवगत कराया गया लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। अब तो ग्रामीण इसकी चर्चा करना भी बंद कर दिए है।

### की जाएगी व्यवस्था

जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने की पहल चल रही है। दुमढोढ़ा बस्ती में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। जल जीवन मिशन के विस्तार में समस्या होने पर बस्ती में हैंडपंप लगवाया जाएगा।
-एसके सिन्हा, ईई, पीएचई



# विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने किया विवि का घेराव, कुलसचिव को सौंपा मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपनी ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने संत गहिरा गुरू विवि का घेराव किया। इस दौरान परिषद् के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया तथा विवि प्रबंधन पर प्रशासनिक उदासीनता एवं शैक्षणिक अनियमितता करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने विवि परिसर में घुसने से रोकने पर हंगामा मचाया तथा पुलिसकर्मियों से झूमाझटकी की।

- मांगों के पूरा नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने एसजीजीयू का घेराव किया। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए विवि द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया था। पुलिसकर्मियों द्वारा प्रदर्शनकारियों को विवि परिसर में घुसने से रोकने पर कार्यकर्ताओं एवं पुलिस बल के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। एबीवीपी ने अपने 11 सूत्री मांग पत्र में विवि प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। आरोपों में भकुरा परिसर में भवन निर्माण में भ्रष्टाचार, विवि पहुंच मार्ग की बदहाल स्थिति एवं सुधार की पहल नहीं करने, पाठ्यक्रम पूरा हुए बिना परीक्षाएं कराने, परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित नहीं करने के आरोप शामिल हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों ने बताया कि वर्षों से इन समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है लेकिन अब तक निराकरण की पहल नहीं हुई है। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने आरोप लगाया कि विवि के कुलसचिव के कमरे में दो ऐसी लगाए गए हैं लेकिन छात्र-छात्राओं के पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई है। दूर-दूर के विद्यार्थी अपनी समस्याओं को लेकर 15 किमी दूर विवि परिसर पहुंचते हैं लेकिन उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण नहीं हो पाता। आवागमन की सुविधा नहीं होने एवं विवि की जर्जर सड़क से छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुल सचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी को ज्ञापन सौंप विवि की अधोसंरचना में सुधार, पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद परीक्षाएं कराने, विवि में हुए फर्जीवाड़ा की जांच कराने, अवैधानिक भर्तियों की निष्पक्ष जांच कराने, स्नातकोत्तर के नए पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने, विवि की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने, समय पर परीक्षा परिणामों की घोषणा करने, परीक्षा में पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्नों को बंद करने एवं परीक्षा संचालन में पारदर्शिता लाने की मांग की तथा मांगों का त्वरित निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान एबीवीपी के जिला संयोजक पलाश पाण्डेय, नगर मंत्री रानी मिश्रा, लक्ष्मी सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# भूमाफिया के साथ मिलकर फर्जी तरीके से बेची पहाड़ी कोरवा की जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की जमीन को फर्जी तरीके से बेचने और भूमाफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर युवक पहाड़ी कोरवा ग्रामीण द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में अब प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में तत्कालीन तहसीलदार एवं प्रभारी उप पंजीयक द्वारा भूमाफियाओं के साथ मिलकर पहाड़ी कोरवा ग्रामीण को दूसरे के नाम पर बेचने की पुष्टि हुई है जिसके बाद एसडीएम की जांच के बाद संभागायुक्त ने तत्कालीन तहसीलदार एवं उपपंजीयक यशवंत कुमार को निलंबित कर दिया है।

- जांच में हुई पुष्टि, संभागायुक्त ने प्रभारी उप पंजीयक को किया निलंबित

जांच रिपोर्ट में पाया गया कि तत्कालीन तहसीलदार एवं प्रभारी उप पंजीयक राजपुर यशवंत कुमार के द्वारा ग्राम भेस्की निवासी जुबारो की जमीन को क्रेता शिवाराम के मध्य पंजीकृत बिक्रयनामा निष्पादित किया गया। जबकि सह खातेदार की भूमि होने के कारण पंजीयक द्वारा संपत्ति अंतरण अधिनियम पर विचार-विमर्श किये बिना पंजीयन नहीं किया जा सकता है। चूंकि बिक्रेता पहाड़ी कोरवा विशेष जनजाति समुदाय का व्यक्ति है और कलेक्टर सरगुजा के आदेश के द्वारा पहाड़ी कोरवा/पण्डो/मझवार तथा मांझी जनजाति की भूमि सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना खरीदी-बिक्री नहीं की जा सकती। इस प्रकार जुबारो की जमीन को क्रेता एवं अन्य के साथ मिलकर संयुक्त खाते की भूमि को छलपूर्वक एवं धोखाधड़ी कर संगठित अपराध किया गया है। तत्कालिन प्रभारी उप पंजीयक यशवंत कुमार के द्वारा उक्त आदेश का स्पस्ट उल्लंघन किया गया है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विरूद्ध है। इस संबंध में सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा द्वार तत्कालीन तहसीलदार एवं प्रभारी उप पंजीयक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क)(ख) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा उनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर, जिला सूरजपूर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री कुमार को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### सूने का ताला तोड़कर चोरों ने पार किया नकदी व स्कूटी

**सूरजपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम चंदरपुर नरवापारा निवासी संतोष कुमार जायसवाल आ. राम प्रताप जायसवाल (35 वर्ष) चिरमिरी ब्रांच स्थित बैंक में पदस्थ है। 30 अप्रैल को घर आया था और दूसरे दिन घर बंद चाबी अपने पास रख लिया जबकि गेट का चाबी पड़ोसी लक्ष्मण साहू को दिया था जो बाहर पानी भरते थे। 3 मई की दोपहर ओम प्रकाश सिंह को शादी में बिहारपुर जाने की बात कही जिस पर ओम प्रकाश अपनी बोलेरो को धोने गया तो घर का दरवाजा खुला देख घर में चोरी होने की बात मकान मालिक संतोष को बताया। घटना की जानकारी लगने पर संतोष घर पहुंचा तो देखा दरवाजा में लगा ताला व अलमारी का ताला टूटा हुआ। मकान मालिक ने अलमारी में रखे सामान की तलाशी ली तो पता चला की नगद 96 हजार रुपए गायब है। साथ ही घर में खडी स्कूटी क्रमांक सीजी 15 आरसी 0955 गायब है। घटना की रिपोर्ट मकान मालिक थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

# सीसी सड़क का निर्माण 6 महीने में भी नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ठेकेदार की मनमानी और अधिकारियों की उदासीनता के कारण छह महीने पहले शुरू किया गया सीसी सड़क का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं हो पाया। ठेकेदार द्वारा सड़क को डब्ल्यूबीएम के बाद बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया है और अब नगरवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आधे अधूरे सड़क पर जगह जगह गड्ढा और धूल के कारण लोगों में आक्रोश का माहौल है। वहीं इस मामले में नगर पंचायत का कहना है कि मार्ग में पुलिया के निर्माण कराया जाना है और इसी वजह से सड़क का काम अधूरा है लेकिन पुलिया निर्माण की दिशा में भी कोई पहल नहीं की गई है।

- ठेकेदार की लापरवाही से लोगों में आक्रोश

बता दें कि नगर पंचायत द्वारा अग्रसेन भवन स्थित सीसी सड़क का मरम्मत करने के हेतु जोनल निविदा निकाली गई थी लेकिन नगर पंचायत के मनमाना रवैया के कारण ठेकेदार की सुस्त रवैया के कारण 6 महीना से गड्ढा खोदकर छोड़ हुआ। सीसी सड़क को मरम्मत हेतू ठेकेदार ने छः माह पहले ही सडक़ को खोदकर डब्ल्यूबीएम सड़क में डालकर छोड़ दिया गया। सडक़ बड़े बड़े गड्ढे और डब्ल्यूबीएम से उड़ती धूल से नगरवासी काफी परेशान है। नगर पंचायत की अधिकांश निर्माण कार्यों में लेट लतीफ और अधूरा पड़े होने के कारण नगर वासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे नगर वासियों में काफी आक्रोश है। नगर पंचायत के सब इंजीनियर ने बताया कि 6 लाख 31 हजार की लागत से पुलिया निर्माण हेतु टेंडर निकला गया है यह निर्माण वार्ड क्रमांक 7 और वार्ड क्रमांक 8 स्टेट हाईवे सड़क को खोदकर निर्माण किया जाएगा।



जर्जर सड़क।

### जल्द प्रारंभ होगा काम

पुलिया का निर्माण किया जाना है इस कारण सड़क का कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है। जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाएगा।
-रविंद्र लाल
सीएमओ नगर पंचायत राजपुर



**खबर संक्षेप**

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर 8 को

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला अस्पताल बैकुंठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा है कि जीवन के लिए एक-एक बूंद खून का बड़ा महत्व है, ऐसे में 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर पर पहुंचकर अधिक से अधिक नागरिक रक्तदान कर आम लोगों के जीवन बचाने में योगदान दें। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष महेन्द्र बेद, उपाध्यक्ष गीता राजवाड़े ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि इस कार्य में भाग लेकर श्रक्तदान महादान को सफल बनाएं।

10 दिन से बंद किया मुख्य मार्ग, आमजन-व्यापारियों में नाराजगी

# रेलवे अंडरब्रिज बंद, छठ घाट के रास्ते में बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



बंद अंडरब्रिज।



छठघाट पुलिया के ऊपर धंसी सड़क की स्थिति।

जिले के चरचा कॉलरी में प्रवेश से पूर्व स्थित रेलवे अंडरब्रिज के नीचे चल रहे निर्माण कार्य के कारण पिछले कुछ दिनों से आवागमन पूरी तरह बाधित है। रेलवे द्वारा अंडरब्रीज के दोनों ओर मिट्टी डालकर मार्ग बंद कर दिया गया है, जिससे आमजन को वैकल्पिक मार्ग से गुजरना पड़ रहा है।

वर्तमान में लोग चरचा थाना के समीप वाले मार्ग से होकर छठ घाट के रास्ते चरचा कॉलरी तक पहुंच रहे हैं, किंतु छठ घाट पुलिया के ऊपर की सड़क की मिट्टी धंस जाने से यह मार्ग बेहद खतरनाक हो गया है। विशेष रूप से दो पहिया वाहनों के लिए यह स्थान दुर्घटना संभावित बन गया है। वाहन चालकों को इस जगह पर बेहद सतर्कता बरतनी पड़ रही है। गौरतलब है कि जब तक रेलवे अंडरब्रिज मार्ग पुनः शुरू नहीं होता, तब तक इसी वैकल्पिक मार्ग का उपयोग किया जाएगा। इसलिए बरसात के पूर्व ही छठ घाट पुलिया के ऊपर धंसे हिस्से की मरम्मत अति आवश्यक है, ताकि वर्षा काल में मार्ग पूरी तरह जर्जर न हो जाए और आमजन को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन और रेलवे विभाग से शीघ्र समाधान की मांग की है, ताकि एक ओर अंडरब्रिज का कार्य समय पर पूर्ण हो और दूसरी ओर वैकल्पिक मार्ग सुरक्षित बना रहे। नगर पालिका शिवपुर चरचा से जिला मुख्यालय कोरिया तक जाने वाले मुख्य मार्ग एनएच-43 को रेलवे ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य के नाम पर पिछले 10 दिनों से अधिक समय से बंद कर दिया गया है। इस मार्ग के बंद होने से न सिर्फ आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि व्यापारिक गतिविधियां भी ठप पड़ती जा रही है। रास्ता बंद होने से छोटी-बड़ी सभी गाड़ियों को छठ घाट के संकरे मार्ग से होकर आना-जाना पड़ रहा है, इससे छठ घाट के पास बने पुल पर दबाव कई गुना बढ़ गया है, जिससे पुल बैठने का खतरा मंडराने लगा है। इस मार्ग से अब एसईसीएल की कोयला लोडेड ट्रेलरें भी आवाजाही कर रही हैं, जिससे हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। छठ घाट मार्ग पर बने पुल के पास का रास्ता गड्ढ़ों में तब्दील हो गया है और यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में यह मार्ग भी बंद हो सकता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने गहरी नाराजगी जताते हुए प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# स्टाफ नर्स कॉलोनी को चोरों ने बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- रात्रि में हजारों का सामान पार, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

जिले के पटना थाना अंतर्गत डॉक्टर/स्टाफ कॉलोनी एक बार फिर बड़ी चोरी की वारदात हुई है। बीती रात अज्ञात चोरों ने स्टाफ नर्स श्रीमती चंचला कुमारी और श्रीमती अनिता यादव के सरकारी मकानों को निशाना बनाकर घर का ताला तोड़ा और हजारों रूपए के नकदी व जरूरी सामान पार कर दिया।

घटना के समय दोनों घरों के सदस्य घर पर नहीं थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने पूरी वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी पटना पुलिस को लिखित रुप से दे दी गई है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, जब कॉलोनी में चोरी हुई हो। पहले भी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। चोरी की इस घटना के बाद कॉलोनी के लोग डरे हुए हैं और उन्होंने रात में गश्त व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि कॉलोनी में रात्रि गश्त को नियमित किया जाए। पीड़ति स्टाफ नर्सों ने पटना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर लगातार हो रही चोरियों के बावजूद पुलिस की गश्त इतनी लचर क्यों है, क्या सुरक्षा के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। पटना में जिस तरह एक ही रात्रि में स्वास्थ्य कर्मियों के घर चोरी की घटना घटित हो गई, इससे पुलिस गश्ती पर भी सवाल लोगों के द्वारा उठाए जाने लगे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस का भय चोरों में नहीं रह गया है, इसके चलते चोर चोरी की घटना को आसानी से अंजाम दे कर सुरक्षित भाग निकलते हैं सफल हो रहे हैं। लोगों ने कहा कि पटना में पुलिस गश्त करने का भले ही दावा पुलिस करती हो, लेकिन आए दिन चोरी की घटना दावे की पोल खोलने के लिए काफी है।

लोगों ने कॉलोनी में कई चोरी की घटनाओं के बाद अस्थाई पुलिस चौकी कालोनी में खोलने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहा कि इन आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें साथ ही नियमित रूप से सभी क्षेत्रों में रात्रि गश्त करें, ताकि अपराधियों में पुलिस का खौफ बना रहे। यदि नियमित तौर पर नगर पटना के सभी क्षेत्रों में पुलिस की गश्ती होगी तो चोरों के हौसले बुलंद नहीं होगी।





बिखरा सामान।

**न्यायालय-प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)**

उ.प्र.क्र.-14/2025
प्रो.नं.-275/25

राघवेन्द्र कुमार कश्यप आ. स्व. श्यामलाल कश्यप, आयु 30 वर्ष, निवासी भट्टी रोड, केदारपुर थाना व तह अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.) ---------आवेदक

-------आवेदकगण

-ःप्रतिः-

1. शाखा प्रबंधक जिला सहाकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
2. दप्ती निषाद पति सुमित निषाद आ.स्व श्यामलाल कश्यप आयु 40 वर्ष, निवासी वार्ड नं-10 मालगोदाम पाणा तितलागढ़ जिला बलांगीर (उड़ीसा)
3. प्रिति अग्रवाल पति स्व. विकेश अग्रवाल आ.स्व. श्यामलाल कश्यप आयु-38 वर्ष, निवासी-वार्ड नं -07 मोरगा पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक मोरगा पंचायत, जिला-कोरबा (छ.ग.)
4. मयंक अग्रवाल आ. स्व. श्यामलाल कश्यप, आयु 36 वर्ष, निवासी-हाउस नं.-164 भट्टी रोड साक्षरता मार्ग केदारपुर थाना व तह अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
5. आम जनता ------अनावेदकगण

आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिका अधिनियम

सर्व साधारण आम जनता निवासी भट्टी रोड, केदारपुर थाना व तह, अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.) एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का बाद प्रस्तुत कर अपनी माता स्व. सरोज कश्यप जो जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. शाखा अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) में भृत्य के पद पर कार्यरत थी तथा जिसकी मृत्यु कार्य अवधि में ही दिनांक 22.01.2025 होना बताते हुए स्व0 सरोज कश्यप के मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा अपनी माता स्व. सरोज कश्यप के स्थान पर अनुकम्पा नियुक्ति को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को इश्तेहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनाक 19/06/2025 को नियत है।

अतः इस इश्तेहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. सरोज कश्यप के मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा अपनी माता स्व. सरोज कश्यप के स्थान पर अनुकम्पा नियुक्ति को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को हो तो वह पेशी तिथि 19/06/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदक को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 02.05.2025 को जारी किया गया।

(सुमित कुमार हर्षयान)
न्या. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.

## मौसम का बिगड़ा मिजाजः फिर हुई झमाझम बारिश

**बैकुण्ठपुर।** बे-मौसम बारिश ने एक बार फिर सोमवार की शाम के समय शहर को भिगोया। कुछ देर तक चली बेमौसम बारिश से सड़कों पर आवागमन थम गया। जानकारी के अनुसार शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में गरज चमक के साथ सायं के समय बारिश हुई। शहर में 15 मिनट से अधिक समय तक बारिश चली। अप्रैल माह के अंतिम दिनों कई दिन किसी क्षेत्र में बूंदाबांदी तो कही हल्की बारिश का होती रही है। इस दौरान कई दिन आंधी भी चली। कई दिनों से मौसम के बदलाव के कारण सोमवार को अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यही कारण है कि मई महीने में तापमान में गिरावट से राहत मिली हुई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अहनन तिर्की पिता पतरस तिर्की, उम्र 71 वर्ष, निवासी ग्राम पूटा खर्राडांड़ पो. नानदमाली तह. लखनपुर थाना दरिमा जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अहनत तिर्की है जो गलत है। मेरे पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पेंशन दस्तावेज, बैंक पास बुक में मेरा नाम अहनन तिर्की दर्ज है, जो सही है। मेरे आधार कार्ड में अंकित नाम अहनत तिर्की को विलोपित कर सही नाम अहनन तिर्की दर्ज किया जाए।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
अहनन तिर्की
आ. पतरस तिर्की
निवासी-ग्राम पूटा खर्राडांड़ पो. नानदमाली तह. लखनपुर थाना दरिमा जिला सरगुजा छ.ग.

**सार्वजनिक सूचना**

मैं जुवेल तिर्की तिर्की, उम्र 62 वर्ष, निवासी ग्राम कोदा तह. जारी जिला गुमला झारखंड 835450 मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा आर्मी नं. 14243619-P रैंक नायक (NK) जुवेल तिर्की दिनांक 01 अक्टूबर 2002 सेवानिवृत्त के दौरान पुत्री की प्राप्ति हुई जिसका नाम (INDU TIRKEY) इन्दू तिर्की तथा जन्म तिथि 12.02.1990, चूकवश मैं अपनी पुत्री का नाम अपनी सेवा पुस्तिका में दर्ज नहीं करा सका हूं।

मेरी अविवाहित पुत्री (INDU TIRKEY) इन्दू तिर्की तथा जन्म तिथि 12.02.1990 (आवश्यक दस्तावेज संलग्न) मेरी सैन्य सेवा पुस्तिका में दर्ज किया जाए।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
जुवेल तिर्की
निवासी-निवासी ग्राम कोदा तह. जारी जिला गुमला झारखंड

# अतिथि शिक्षकों ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात



**वेस्ट चिरमिरी।** राज्य अतिथि शिक्षक (विद्यामितान) कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके रतनपुर स्थित निवास में मुलाकात कर अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्ष 2016 में छग शासन द्वारा राज्य के बीहड़, सुदूर व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के शासकीय हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में विद्यामितान शिक्षकों की नियुक्ति व्याख्याता पद के समकक्ष की गई थी।

वर्ष 2019 में इन्हें राज्य अतिथि शिक्षक पदनाम प्रदान किया गया। राज्य अतिथि शिक्षक संघ ने बताया कि ये शिक्षक एनसीटीई दिल्ली के 2014 के भर्ती नियमों और छग शासन की समस्त शैक्षणिक अर्हताओं को पूरा करते हैं, साथ ही नियमित व्याख्याताओं की भांति शासकीय शिक्षण कार्य, बोर्ड परीक्षा, मूल्यांकन, निर्वाचन, एनएनएस, स्काउट प्रभारी जैसे सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी कर रहे हैं।

## कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** अवैध शराब की तरस्की करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नागपुर पुलिस को सूचना मिली कि बैकुंठपुर के ग्राम गदबदी फाटपानी से अवैध शराब की बड़ी खेप आने वाली है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह ने इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर को दी। इसके पश्चात सीएसपी चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज एवं थाना प्रभारी पोड़ी आरएन गुप्ता के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने लोहारी-मोरगा रोड पर घेराबंदी की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने आरोपी मनोज सिंह पिता प्रेम सिंह उम्र 21 वर्ष, निवासी फाटपानी गदबदी, थाना बैकुंठपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक सफेद झोले में रखे 30 पॉलीथीन पाउचों में कुल 19.5 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया।



TOP IN SURGUJA

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी। Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 04 मई 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 04 मई 2025, रविवार
समय - दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक
पुरानी रिपोर्ट अवश्य लावें गायत्री हॉस्पिटल
पीजी कॉलेज मैदान के सामने बनारस रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9752542415, 8120809000, 9424250281

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
- मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
- मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
- स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक – 11 मई, 2025
दिन – रविवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ.दीपक अग्रवाल
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग सम्बंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनाँक - 11 मई, 2025
दिन - रविवार सुबह 11 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 21 मई 2025 दिन - बुधवार
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
- गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

AFFILIATED TO CBSE BOARD NEW DELHI
UNIQUE CONVENT HIGHER SECONDARY SCHOOL
Nursery to K.G & Class 1st to 12th
Commerce, Maths Bio & Agriculture
English Medium Co-Eduction
ADMISSION OPEN CBSE BOARD
BOARDING / HOSTEL AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS (BEST RESIDENCE IN SURGUJA)
विशेषताएं (Ecatures)
- बच्चों के संपूर्ण विकास एवं उज्जवल भविष्य के लिए सदैव तत्पर
- AT.L. LAB की सुविधा
- कम्प्यूटर कोडिंग क्लास (1st -10th)
- प्रयोगशाला
- पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था
Contact Us
Chandani Chowk, Khairbar Road Ambikapur (C.G.), Mo. 8223020720, 6263495007

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालज्ञ स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे



तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) TEJ Taj Diagnostic Group
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल HOSPITAL Caring for You
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. मोहित गुप्ता MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ | डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश |
| डॉ. पूजा MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ | डॉ. सोनल गार्डिया MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. मनोज भारती MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| डॉ. आशीष कुमार जायसवाल एम. डी. फिजीशियन | डॉ. ओम प्रकाश पंडित MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ |
| मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ | सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ |
| डॉ. सुरभि BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ | डॉ. हिमांशु गुप्ता MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. विकास गुप्ता MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ | डॉ. जी के दामले MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट | फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी |

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 10 मई, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, डी.एम.एम.सी व सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
रविवार, 11 मई 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
- सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
- पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
- झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
- Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
- जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
- लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
- Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुला
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
- गॉल ब्लेडर (पित की थैली)
- अपैण्डिक्स • हार्निया
- पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

5 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 5/5/2025 9:37 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### राकेश ने चौथी बार ली न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद की शपथ

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ सरगुजा के अध्यक्ष पद का निर्वाचन माह जनवरी में संपन्न हुआ, जिसमें राकेश सोनी लगातार



चौथी बार आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन उपरांत विजयी होने पर 4 मई को न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश केएल चरयाणी द्वारा अध्यक्ष पद हेतु राकेश सोनी तथा सचिव पद हेतु रामा शंकर मराई एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुरेश जून एवं अन्य न्यायाधीश के अलावा प्रशासनिक अधिकारी राजेश केला, विजय पांडेय एवं न्यायालय उपाधीक्षक राजीव त्रिवेदी तथा जिला स्थापना सरगुजा के समस्त न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज सोनी तथा आभार प्रदर्शन कुमारी तहजीबा खातून सिद्दीकी द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में एखलाक अली, संगीता सिन्हा, शत्रुघ्न प्रसाद जायसवाल, नीरज सोनी, संजय गुप्ता, संदीप कौशिक, वशिष्ठ गुप्ता, मयंक शर्मा, रेनू सिंह, दुर्गावती, लिली ग्रेस, ओमप्रकाश राम, कमलेश्वर प्रसाद, शिव बालक महंत, सर्वेश्वर गुप्ता, दीपा अम्बष्ठ, अज्जू कुमार, सुनील लकड़ा, प्रियंका सिंह, नीरज चंद्राकर, लिकेश वर्मा, पुष्पेंद्र, हरि प्रसाद, अजीत सिन्हा, कैलाश चंद्र, प्रीतोष, अमोस, संत प्रसाद, विजय, सूरज, विक्रम, नौशब्बा सिद्दीकी, रश्मि सिन्हा, कुसुम, अनिमा, सविता, सुशीला, भूपति, किरण, मनोज, अमन, प्रेम आदि उपस्थित रहे।

### तीन ग्राम पंचायतों में लो-वोल्टेज की समस्या, सौंपा ज्ञापन



**भैयाथान।** भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार साहू ने विद्युत आपूर्ति की गंभीर समस्या को लेकर विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंप ग्राम पंचायत बड़सरा, बसकर एवं करौंदामुड़ा में लो वोल्टेज की समस्या को ठीक करने एवं बसदेई सब स्टेशन के बंजा फीडर से विद्युत आपूर्ति करने की मांग की है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि तीनों ग्राम पंचायतों की बिजली आपूर्ति भैयाथान सब स्टेशन के केवरा फीडर से की जा रही है, जो 20 किमी लंबा और भारी भार वाला फीडर है इसी फीडर से प्रकाश इंडस्ट्रीज भास्करपारा कोयला खनन परियोजना को विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिससे स्थिति बद्तर हो गई है। फीडर के अंतिम छोर के ग्राम बड़सरा, बसकर व करौंदामुड़ा में पर्याप्त वोल्टेज नहीं होने के कारण क्षेत्र में पंखा, कूलर, पंप, टीवी, फ्रीज जैसे घरेलू उपकरण काम नहीं करते। तीनों गांवों की विद्युत आपूर्ति बंजा फीडर से करने की मांग की है। डीई बसंत सोम ने मांग को पूर्ण करने का भरोसा दिया है। मंडल अध्यक्ष ने बड़सरा में स्वीकृत पावर सब स्टेशन निर्माण जल्दी शुरू करने की भी मांग की है ताकि विद्युत समस्या का स्थायी हल को सके।

### सुशासन तिहार में पीएचई को मिले 7742 आवेदन, नए हैंडपंप के 7589 आवेदन

**अम्बिकापुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में 15000 से अधिक हैंडपंप लगाए गए हैं। आबादी के हिसाब से विभाग हैण्डपंपों को पर्याप्त मान रहा है लेकिन ग्रामीणों ने सुशासन तिहार में हैंडपंप के लिए हजारों आवेदन दिए हैं। सुशासन तिहार के दूसरे चरण में ग्रामीणों की मांगों एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। ऐसे में पीएचई के अधिकारी ऐसी मांगों से संबंधित आवेदनों को लेकर पेशोपेश में है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में गांव-गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों के मांग एवं शिकायतों के आवेदन लिए गए थे। इस दौरान शिविरों में पीएचई से संबंधित कुल 7742 आवेदन मिले है। जिनमें 192 आवेदन शिकायतों के जबकि 7589 आवेदन हैंडपंप लगवाने से संबंधित है। शिकायतों से संबंधित आवेदनों में अधिकांश हैंडपंप की मरम्मत कराने एवं जल जीवन मिशन से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने से संबंधित है। 106 आवेदनों के माध्यम से जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने की मांग की गई है जबकि 42आवेदन हैण्डपंपों का सुधार कराने एवं हैंडपंप में दबंगों द्वारा सबमर्सिबल पंप डालकर निजी उपयोग करने से संबंधित है। विभाग ने शिकायतों के लगभग सभी आवेदनों का निराकरण कर दिया है। विभाग को 7589 आवेदन मांगों से संबंधित मिले हैं। इन आवेदनों के माध्यम से ग्रामीणों ने हैंडपंप लगाने की मांग की है। अधिकारियों का कहना है कि पीएचई द्वारा विभिन्न गांवों में 11.853 हैंडपंप लगाए गए हैं। सांसद निधि, विधायक निधि, डीएमएफ फंड सहित विभिन्न विभागों द्वारा हजारों हैण्डपंप लगाए गए है। अधिकारी यह भी कह रहे है कि पूर्व में सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकता से अधिक हैंडपंप लगाए जा चुके है। शासन द्वारा हैंडपंप खनन कराने के लिए मापदण्ड निर्धारित किया गया है। हैण्डपंप खनन कराने संबंधी अधिकांश आवेदन विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुकूल नहीं है। कार्यपालन यंत्री एसके सिन्हा ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले गांवों का सर्वे कर हैंडपंप के लिए बजट की व्यवस्था की जाएगी। शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुकूल नहीं होने के कारण शेष आवेदनों का निष्पादन संभव नहीं है।

---

शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे विधायक, जमकर लगाई फटकार

# जनमन योजना के तहत बन रही 6 करोड़ की सड़क में जमकर की गई लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सड़क के अभाव में पिछड़ेपन का अभिशाप झेल रहे पहाड़ी कोरवा जनजाति को इस अभिशाप से मुक्ति दिलाने केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम जनमन योजना का अधिकारी एवं ठेकेदार ने मिलकर बेड़ागर्क कर दिया है। इस योजना के तहत पहुंचविहीन क्षेत्रों में करोड़ो रूपए की लागत से कराई जा रही सड़क घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गई। विभागीय अधिकारी की शह पर सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार द्वारा लीपापोती करते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध एवं शिकायत के बाद निरीक्षण के लिए विधायक रामकुमार टोप्पो संबंधित अधिकारियों को लेकर मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण में लीपापोती देख विधायक भड़क उठे। उन्होंने घटिया निर्माण पर सवाल खड़े करते हुए अधिकारियों से जवाब तलब किया। संबंधित अधिकारी विधायक के सवालों का जवाब देने के बजाए बगले झांकने लगे। हालांकि बाद में अधिकारियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री एवं मजदूरों पर इसका ठीकरा फोड़ते हुए माना कि सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। अधिकारियों का ये जवाब सुन विधायक ने उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई और घटिया सड़क की जगह नए सिरे से निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए। वही ग्रामीणों ने आजादी के बाद पहली बार बन रही सड़क में लीपापोती करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

**खास बात**

- फिर कराना होगा निर्माण



घटिया निर्माण को उखड़वा कर देखते विधायक।

विदित हो कि आजादी के बाद से विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के गई गांव ऐसे है जो आज भी पिछड़ेपन का अभिशाप झेल रहे है। सड़क पुल पुलिया बिजली पानी के अभाव में इस क्षेत्र के लोग आज भी समाज की मुख्यधारा से कटे हुए है। ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों को चिन्हांकित कर उन्हें पिछड़ेपन के अभिशाप से हमेशा के लिए मुक्ति दिलाने केंद्र सरकार जनमन योजना लेकर आई है। जिसका उद्देश्य पिछड़े इलाकों में सड़क पानी बिजली पुल पुलिया जैसी सुविधा उपलब्ध कराते हुए उसे समाज के मुख्यधारा से जोड़ना है। इस योजना के तहत निर्माण की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जुड़े दी गई है किंतु इस योजना से जुड़े अधिकारी केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी जनमन योजना के उद्देश्य पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। मैनपाट के सुदूर गांव परपटिया सिंगिढोढ़ी से लब्जी तक 6 करोड़ की लागत से सड़क पुलिया एवं तटबंध का निर्माण कराया जा रहा है। 6.30 किमी लंबी दूरी तक बनने वाली इस सड़क का अधिकारी एवं ठेकेदार ने मिलकर जमकर मनमानी की। पीएम जनमन योजना के तहत बनने वाली इस सड़क में 15 सेमी जीएसबी करना था जो किया ही नही गया। इसके अलावा इस सड़क के उस हिस्से में जो राजेंद्र घर से लब्जी सीमा तक जाती है जब उसकी खुदाई कर जांच की गई तो लगभग 3 किमी लंबी दूरी की सड़क में कही भी जीएसबी का काम नहीं पाया गया। ठेकेदार द्वारा डब्लूबीएम में भी घोटाला करते हुए निर्धारित मापदंड की जगह 1 से दो सेमी की कमी की गई है। सड़क के ऊपर होने वाले बीटी कार्य मे भी काफी घपला किया है। सड़क में 20 एमएम बीटी की जगह 14 से 15 एमएम मात्र बीटी की परत बिछाई गई है। इसके अलावा मौके पर जो प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण कराया गया है। उसमें काफी घटिया एवं निम्नस्तरीय निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है। पिछड़ेपन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने 6 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क में ठेकेदार ने जमकर लीपापोती की है। ऐसा नही है कि इस घटिया निर्माण कार्य का विरोध न हुआ हो। 6 करोड़ की लागत से बनने वाले इस सड़क में घटिया निर्माण कार्य का आरोप लगा ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कराने की मांग की थी जिसे अधिकारियों ने इसे अनसुना कर दिया था। जिसके बाद ग्रामीण विधायक रामकुमार टोप्पो के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए जांच की मांग की थी। ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद विधायक संबंधित अधिकारियों संग सड़क निर्माण कार्य की जांच करने पहुंचे थे। मौके पर विधायक ने जब अधिकारियों के समक्ष सड़क निर्माण की जांच कराई। तब करोडों की लागत से सड़क निर्माण में की गई लीपापोती खुलकर सामने आई जिसके बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों के समक्ष विधायक ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नए सिरे से सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए। वही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने केंद्र सरकार की इस अतिमहत्वकांक्षी पीएम जनमन योजना के तहत कराए गए घटिया सड़क निर्माण की जांच की मांग की है ताकि इसमे संलिप्त लापरवाह अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही हो सके।

#### अधिकारियों ने मानी गलती

सड़क निर्माण कार्य के जांच के दौरान ठेकेदार द्वारा किये गए घोटाले की जांच जब परत दर परत खुलने लगी तब वहां मौजूद अधिकारियों ने माना कि सड़क निर्माण घटिया है।मापदंड के आधार पर सड़क में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। हद तो तब हो गई जब अधिकारियों ने अपनी कमजोरी छुपाने के लिए सड़क निर्माण कार्य मे लगे ठेकाकर्मियों पर इसका ठीकरा फोड़ दिया। उनका कहना था कि निर्माण कार्य मे लगे ठेकेदार के कर्मचारियों ने लापरवाही बरती है। जबकि कायदे से देखा जाए तो निर्माण कार्य मे मापदंड के आधार पर कार्य कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों की होती है।

#### नए सिरे से कराना होगा निर्माण : टोप्पो

इस संबंध में विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी जनता ने मुझ पर सौंपी है। जिसका मैं बखूबी पालन करने की भरसक कोशिश कर रहा हूँ।मेरे इसी कोशिशों के नतीजा है जो इस सुदूर क्षेत्र में ये सड़क बनाई जा रही है। यह केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना पीएम जनमन योजना के तहत बनाई जा रही है। इससे पिछड़ेपन का अभिशाप झेल रहे लोगो को मुक्ति मिलेगी और वो भी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो पायेंगे। अगर ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही बरती जाती है तो वो बर्दास्त नहीं किया जायेगा। मैंने परपटिया सिंगिढोढ़ी से लब्जी सड़क का अधिकारियों की मौजूदगी में जांच कराई। जांच के दौरान उसमे काफी कमियां पाई गई है। अधिकारियों को नए सिरे से सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

---

## सुशासन तिहार पारदर्शिता सुनिश्चित करने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का मंच : पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सुशासन तिहार के तहत सोमवार को विकासखंडस्तर पर समाधान शिविर की शुरुआत हुई। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदौरा के माध्यमिक शाला खेल मैदान में मुख्य अतिथि विधायक सामरी श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा की मौजूदगी में समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में कलेक्टर राजेंद्र कटारा, एसपी बैंकर वैभव रमनलाल, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर व जनपद उपाध्यक्ष राजपुर आकाश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में आमजन, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

- समाधान शिविर में शामिल हई विधायक, शिविर में मिला त्वरित समाधान



शिविर में ग्राम पंचायत भेण्डरी, पकराड़ी, तोनी, कोटडीह, कोदौरा, करमडीहा, सेमराकठरा के निवासी शामिल हुए। समाधान शिविर में मुख्य अतिथि श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा के द्वारा 6 आवेदको को श्रम कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि मुख्यमंत्री के सुशासन में राज्य सरकार द्वारा जनहित में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और ऐसे शिविरों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। सुशासन तिहार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का ऐसा मंच है जहां लोगों की समस्याओं के निराकरण करने के साथ ही एक ही जगह पर योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ भी समय पर देना सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम स्तर से प्राप्त प्रत्येक समस्या, मांग, शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समय से निराकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक शिविर स्थल में पहुंच शासन की योजनाओं का लाभ अवश्य लें। इस दौरान उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम हेतु नाबालिकों का विवाह न करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि ऐसा करना कानूनी अपराध है इसके लिए सभी जिम्मेदारी लेते हुए सही उम्र में अपने बच्चों का विवाह करवाएं। विधायक श्रीमती पैंकरा ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे नियमों का पालन कर हम बड़ी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं इसके लिए सभी यातायात नियमों के प्रति सजग रहे और नियमों का पालन करें। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से सुशासन तिहार अंतर्गत लिए गए आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में आमजनों को जानकारी दी जा रही है साथ ही मौके पर आवेदन लेकर निरंतर मॉनिटरिंग कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह सुशासन तिहार प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने का माध्यम है और हमारा प्रयास है कि प्रत्येक आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी तरीके से उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। एसपी बैंकर वैभव रमनलाल ने कहा कि यह सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन आपके द्वार पर आयी है, प्रशासन आपके नजदीक पहुंच एक ही जगह पर समस्याओं का निवारण कर रहा है। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था और पारदर्शी प्रशासन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से जनता को समय पर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के साथ ही सभी समस्याओं का निवारण समयबद्ध ढंग से किया जाएगा।

## सुशासन तिहार के प्रत्येक शिविर में आयुष्मान कार्ड एवं आधार अपडेट करने लगेंगे स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज समय सीमा की बैठक आयोजित की गई जिसमें सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों को लेकर विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही समस्त अधिकारियों को इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

- कलेक्टर ने सुशासन तिहार के तृतीय चरण के सफल संपादन हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश



बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज समय सीमा की बैठक रखी गई थी। जिसमें सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों को लेकर विभागवार समीक्षा की गई और समस्त अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों मे सुशासन तिहार अंतर्गत मांग व शिकायत कम है वो शीघ्र इसका निराकरण करे। जिन विभागों मे ज्यादा प्रकरण लंबित है वो इसे नगण्य करने की दिशा में तेजी से कार्य करे। कलेक्टर के निर्देश पर प्रमुख विभाग विभागों की मांग व शिकायतों का वर्गीकरण कराया गया है, जिसमें प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिए। साथ ही आज तृतीय चरण अंतर्गत शुरू हुए समाधान शिविर के सफल संपादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभी अधिकारियों को सक्रियता के साथ शिविर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही। उन्होने शिविर में आयुष्मान कार्ड व आधार अपडेट करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्टॉल लगाने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों का आयुष्मान कार्ड बन सके और आधार कार्ड अपडेट हो सके जिससे पात्र हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास ग्रामीण व शहरी के सम्बंध में, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत कार्य निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### विधायक ने सड़क दुर्घटना में मृत दो परिवार को दी सहायता राशि

**डांड़गांव।** सेवा भाव के लिए विधायक एवं उनके परिवार की एक अलग पहचान है। लम्बे समय से राजनीति के अलावा समाज सेवा मुख्य उद्देश्य रहा है। इसी कड़ी में



विधायक राजेश अग्रवाल के निर्देश पर ग्राम मोहनपुर निवासी लक्ष्मण आ. शोभन राम (21 वर्ष) एवं शंकर आ.सुखराम (20 वर्ष) की 23 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर विधायक ने अपने प्रतिनिधियो क़ो भेज कर मृतक परिवार क़ो अपने तरफ से 5-5 हजार की सहयोग राशि प्रदान करते हुए शोक सवेदना व्यक्त की। इस दौरान रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल,अर्जुन सिंह, मनीष बंसल, मनीनाथ, आदित्य ताम्रकार, सिया राम अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### साईं धाम परिसर में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने सीखे जीवन के मूल मंत्र

**बिश्रामपुर।** नगर क़े श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा श्री सत्य साईं सेवा संगठन छत्तीसगढ़ के निर्देशन में साईं धाम परिसर में तीन दिवसीय समर कैंप दिनांक 2 से 4 मई तक उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ।यह शिविर न सिर्फ बच्चों के लिए ज्ञान, संस्कार और रचनात्मकता से भरा मंच बना, बल्कि अभिभावकों और स्वयंसेवकों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गया।2 मई को शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें दर्जनों बच्चों ने भाग लिया। पहले दिन बाल विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए गुरुओं ने बच्चों को मूल्य गीत, भज गोविंदम, रोचक कहानियां और शिक्षाप्रद खेलों के माध्यम से जीवन मूल्यों की गहराई से पहचान कराया गया।3 मई को शिविर का केंद्रबिंदु रहा रोटी कैसे बनी एक दिलचस्प गतिविधि के माध्यम से अन्न की महत्ता को



समझाया गया।इसके साथ गीता के श्लोकों का अर्थ, संवाद-आधारित नाट्य रूपांतरण और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों ने धर्म, संस्कृति और तर्क क़े बारे में सीखा।4 मई को शिविर के अंतिम दिन एक रंगारंग प्रस्तुति हुई।जल की बचत विषय पर नुक्कड़ नाटक ने बच्चों समेत उपस्थित सभी दर्शकों को भावुक किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मूल्य गीत,श्लोक व्याख्या और तीव्र बुद्धि से भरे प्रश्नोत्तरी मुकाबलों ने समां बांध दिया। बाल विकास गुरुओं के लिए भी एक विशेष प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित हुआ। शिविर का समापन महामंगल आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक, साईं भक्त, समिति के पदाधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए।

## सुशासन तिहार में ग्रामीणों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु किया जा रहा अधिकतम प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सुशासन तिहार के अंतिम चरण में आज से शुरू हुए समाधान शिविर में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में आमजन की समस्याओं का निराकरण कर जानकारी उपलब्ध कराई गई। सोमवार को ग्राम जयनगर में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जनता की हर समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है।

- जयनगर में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुई केबिनेट मंत्री

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों का समाधान बेहतर और शत-प्रतिशत रूप से किया जाए जिससे आमजन को त्वरित लाभ मिल सके। कैबिनेट मंत्री द्वारा शिविर में लोगों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर बी-वन दस्तावेज और राशनकार्ड का वितरण भी किया गया। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर कलेक्टर से पीएचई विभाग के कार्य में विशेष निगरानी रखते हुए आमजन को भीषण गर्मी में होने वाले पेयजल की किल्लत से निजात दिलाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की



शिविर में ग्रामीण से ज्ञापन लेतीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।

जिम्मेदारी हम सभी की है, जिसके लिए साय सरकार द्वारा विशेष रूप से पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा शासन की मंशा से लोगों को अवगत कराते हुए आमजन की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण किए जाने का भरोसा भी लोगों को दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत प्रथम चरण में जितने भी आवेदन प्राप्त हुए थे, उनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण करा दिया गया है और जो निराकृत नहीं हो सका है, उसे भी जल्द ही निदान कराए जाने की प्रक्रिया की जाएगी।सुशासन तिहार में लोगों की शिकायतें कम व मांग ज्यादा आई है, जिसका निदान कराने का कार्य शुरू करा दिया गया है। यहां पर जयनगर सेक्टर अंतर्गत पंद्रह ग्राम पंचायत के लोगों की समस्याओं व मांगों के संबंध में निराकरण किए जाने का कार्य पूर्ण किया गया। कार्यक्रम के अंत में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्रामीणों की मांग पर जयनगर पीएमश्री सजेस स्कूल प्रांगण में मंच निर्माण हेतु दो लाख रुपए व पंचायत भवन के बाउंड्रीवाल कार्य की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, सुरजपुर जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह, उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, सीईओ विनोद सिंह, पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह, देवधन राम बिंझिया, हरीश राजवाड़े, जयनगर सरपंच राधा बाई, बीएमओ डॉ.अमित भगत, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा, आरईएस एसडीओ विमल सिंह, मनरेगा पीओ सुनील कुमार गुप्ता, वेद प्रकाश मिश्र, सैफुल्लाह, राजेंद्र गवटिया, पूर्व सरपंच विजय सिंह, सियाराम राजवाड़े, किरण चंद्र, कृष्णपाल बिंझिया व अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### गौरा एवं बायर नृत्य दल को विधायक ने दी 50 हजार की सहायता राशि

**डांड़गांव।** विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए बारी बारी से सहयोग राशि प्रदान कर रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व विधायक द्वारा उदयपुर विकास खंड के दर्जनों रामायण मंडली को दस-दस हजार रुपये का आर्थिक सहायता दिया गया था। अब इसी कड़ी में ब्लाक के अन्य वन क्षेत्र एव दुरस्त गांव के चली आ रही वर्षों पुरानी परंपरा संस्कृतिक कार्यक्रम बायर एवं गौरा नित्य को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार रुपये का सहयोग राशि पांच दलों को दिया गया है। विधायक के इस सराहनीय पहल से लोगों में खुशी का माहौल हैं। विधायक ने आगे भी सहयोग राशि देने की बात कही हे। पांच दल को 10- 10 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल,अर्जुन सिंह, मनीष बंसल, मनीनाथ, आदित्य ताम्रकार, सिया राम अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम प्रारंभ



**वाड्रफनगर।** महाविद्यालय में सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम प्रारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ.सुधीर कुमार सिंह ने शोध के महत्व को बताया वैज्ञानिक मानसिकता विकसित करने और नवीन तकनीकी व नवाचार केन्द्रित शोध पर जोर दिया। डॉ.तोयज शुक्ला ने कहा कि आयोजन शैक्षणिक कौशल, दृष्टिकोण और नीतियों में सुधार करने का अवसर प्रदान करेगा और शोध में नये ज्ञान प्राप्त होगे।कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता डॉ.विनय कुमार सिंह ने शोध पद्धति, राष्ट्रीय विकास में शोध की भूमिका की जानकारी दी। द्वितीय तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता डॉ.विनय कुमार सिंह ने शोध पद्धति, राष्ट्रीय विकास में शोध की भूमिका की जानकारी दी। द्वितीय तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता प्रो.प्रशांत कुमार घोष ने रिसर्च गैप और साहित्य समीक्षा पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि साहित्य समीक्षा शोध कार्य का महत्वपूर्ण भाग होता है जिसमें किसी विषय पर उपलब्ध शोध पुस्तक, लेख और अन्य स्त्रोत शोध के लिए महत्वपूर्ण होता है। तृतीय सत्र में वक्ता डॉ.प्रकाश चंद्रा ने शोध से संबंधित अविकसित और अनदेखे पहलुओं को उजागर किया तथा साहित्यिक सर्वेक्षण से शोध में नया आयाम विकसित करने पर चर्चा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अध्यापक, विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक व शोधार्थी शामिल थे।

### पानी के भौतिक और रासायनिक गुणों से अवगत हुए विद्यार्थी

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एमएससी रसायन चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थी जल परीक्षण कर उसके भौतिक और रासायनिक गुणों से अवगत हुए। विद्यार्थी विभागाध्यक्ष गीता चौहान तथा सहायक प्राध्यापक नीरज कुमार के नेतृत्व में अम्बिकापुर के जल परीक्षण केंद्र में पहुंचे। विद्यार्थियों को केमिस्ट केके सिन्हा ने पानी की कठोरता और मृदुता से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने पीएच, इलेक्ट्रिक कंडक्टिविटी, टरबडी मीटर आदि उपकरणों का उपयोग किया। केमिस्ट श्री सिन्हा ने बताया कि पानी में बहुत से पदार्थ मिले होते है। गुणवत्ता के आधार पर उनका उपयोग होता है। उन्होंने प्रयोगशाला में बारिश का पानी, नदियों का पानी और भूगर्भ से प्राप्त पानी के भौतिक और रासायनिक गुण से अवगत कराया तथा बताया कि लैब में परीक्षण के बाद पानी की उपयोगिता निर्धारित हो जाती है। पानी की गुणवत्ता के अनुसार उसका प्रयोग हमारे जीवन में होता है। विद्यार्थियों ने लैब में पानी तत्वों का परीक्षण किया और उसके गुणों के बारे में जानकारी एकत्रित की। स्थान और क्षेत्र के आधार पर खारा और मीठा जल, भारी और रासायनिक तत्वों से युक्त पानी मिलता है। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव को जल ही जीवन है के आदर्श से प्रेरित किया और जल संरक्षण का संदेश दिया।

## सूखने की कगार पर कनहर नदी

# कनहर नदी की रेत में पोकलेन से कराया जा रहा बड़ी डबरी का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कनहर नदी के सुखने के कगार पर पहुंच जाने से अब नगर पालिका की चिंता बढ़ा दी हैं। आलम यह है कि अब नगर में नियमित पेयजल सप्लाई के लिए बने डबरी के जवाब देने से अब पोकलेन की मदद से दूसरा बड़ा डबरी खुदवाना पड़ रहा है। वर्षो बाद ऐसी स्थिति निर्मित हुई है जब अप्रैल माह से ही जल स्तर नीचे गिरने से कनहर नदी सूखने की कगार पर है। ऐसे में अब नगर पालिका के हाथ पैर फूलने लगे है। इधर नगरवासी भी कनहर नदी की स्थिति को देखकर चिंतित नजर आ रहे है।इधर नगर में नियमित रूप से जल प्रदाय व्यवस्था बहाल रहे इस बात की चिंता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के निर्देश पर कनहर नदी में पोकलेन मशीन से बड़े आकार के डबरी का निर्माण कराया जा रहा है जिससे आने वाले दिनों में शहरवासियों को अधिकाधिक पेयजल आपूर्ति की जा सके।

**खास बात**

- नगर के 15 वार्ड की बड़ी आबादी नगर पालिका के नियमित जल प्रदाय पर है आश्रित

रामानुजगंज की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूर्णतः कनहर नदी पर आश्रित है जो कि ग्रीष्म ऋतु आते आते सूखने लगती है, वर्तमान में नदी सूखने के कगार पर है। नगर पालिका द्वारा अप्रैल महीने से ही जेसीबी से गड्ढा खोदकर शहर में जलापूर्ति की जा रही है। वही अब जेसीबी से निर्मित डबरी के फेल हो जाने के बाद पोकलेन की मदद से पुनः दूसरा बड़े आकार की डबरी बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।



पोकलेन मशीन से नदी में डबरी निर्माण करते।

### प्रतिदिन चाहिए 12 से 14 लाख लीटर पानी

नगर पालिका क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह शाम मिलकर 12 से 14 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है परंतु गर्मी के दिनों में 8 से 10 लाख लीटर तक ही पानी नियमित जलापूर्ति के लिए जमा हो पा रहा है। ऐसे में नागरिकों को अधिकाधिक पानी उपलब्ध हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा तैयारियां की जारी है।

### हो सकती है पेयजल की समस्या

कनहर नदी अमूमन मई माह के दूसरे पखवाड़े में सूख जाती है। लेकिन अप्रैल माह में भीषण गर्मी पड़ने तथा लगातार जल स्तर नीचे चले जाने से कनहर नदी अप्रैल माह में ही सूखने के कगार पर पहुंच गई थी। जबकि अभी मई और जून के गर्मी बाकी है। ऐसी स्थिति में नगर में पेयजल की समस्या गहराने की संभावना है।

### एनीकट का नहीं मिला लाभ

नगर के लोगों का कहना है कि जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट निर्माण में 9 करोड़ रुपए खर्च किए गए परंतु एनीकट का आज तक नगर वासियों के लिए कभी भी उपयोगी नहीं रहा। एनीकट निर्माण नगर के नियमित पेयजल सप्लाई व्यवस्था के लिए वरदान समझा जा रहा था परंतु अब अभिशाप साबित होने लगा है।

### नहीं होगी जल आपूर्ति बाधित

प्रत्येक वर्ष अप्रैल से जून तक कन्हर के सूख जाने से नियमित जल आपूर्ति करना बड़ी चुनौती रहती है। आने वाले दिनों में नियमित जल आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए पोकलेन के माध्यम से बड़े आकार का डबरी निर्माण कराया जा रहा है। टैंकरों के माध्यम से भी हर मोहल्ले तक पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी के सहयोग से इस बार भी जल आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

-रमन अग्रवाल
नगर पालिका अध्यक्ष

गौरतलब है कि नगर की आबादी करीब 25 हजार है और नगर में 1 से लेकर 15 वार्ड की बड़ी आबादी नियमित जल आपूर्ति के लिए पूर्णतः नगर पालिका के नियमित जलप्रदाय पर आश्रित है। ऐसे में यदि एक दिन भी जल की आपूर्ति बाधित होती है तो इससे हजारों लोग प्रभावित होते हैं। प्रत्येक वर्ष नगर में अप्रैल माह से लेकर बारिश आने तक पेयजल की आपूर्ति करने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। अभी तक नगर पालिका क्षेत्र में नियमित जल आपूर्ति निर्बाध रूप से हो रही है। आने वाले दिनों में नगर में जल आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा कन्हर नदी में बड़े डबरी का निर्माण कराया जा रहा है। डबरी निर्माण के दौरान मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार, जल प्रभारी विनोद केसरी, अजय गुप्ता सहित अन्य नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## शासकीय स्कूल का तोड़ा अहाता, परिसर में अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

शासकीय विद्यालय के दीवार को अनधिकृत रूप से तोड़ने के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। जिला प्रशासन ने मिशन स्कूल के संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है इसके साथ ही भविष्य में स्कूल के संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- ब्लेसिंग इंग्लिश मीडियम मिशन स्कूल के संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज

बताया जा रहा है कि शासकीय माध्यमिक शाला कृष्णनगर की दीवार को अनाधिकृत रूप से ब्लेसिंग मिशन स्कूल के संचालक गिरा दिया गया था। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी करुण डहरिया ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कृष्णनगर तहसील शंकरगढ़ के बाउंड्री वॉल को अनाधिकृत तरीके से तोड़ने पर ब्लेसिंग इंग्लिश मीडियम मिशन स्कूल के संचालक पीटर क्लावेर लकड़ा के विरुद्ध थाना कुसमी में बीएनएस की धारा 115, 296, 324 व लोक संपत्ति के नुकसानी का निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही स्कूल की मान्यता निरस्त करने पृथक से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, यदि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि होती है तो नियमानुसार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस संबंध में शासकीय माध्यमिक शाला कृष्णनगर के प्रधान पाठक ने बताया कि 3 मई को पीटर क्लावेर लकड़ा द्वारा विद्यालय के अहाता (दिवाल) को तोड़ कर गिराने पर मना करने पर अभद्र शब्दों का उपयोग किया गया और बिना किसी सूचना के लगभग 20 फीट शासकीय स्कूल का अहाता तोड़ कर नया रास्ता बनाने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर के अंदर पीटर क्लावेर लकड़ा द्वारा शासकीय भूमि का अतिक्रमण करके भवन बनाकर ब्लेसिंग मिशन स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) का संचालन भी किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और आगे की कार्रवाई जारी है।

## करजी फार्म्स के ग्राफ्टेड-तरबूज की नर्सरी से किसानों के बीच पुनः लोकप्रिय हुई खेती

**अम्बिकापुर।** तबूज की खेतो करने वाले किसानों को बिल्ट बीमारी से अब तरबूज के पौधों की मरने की समस्या से मुक्ति मिल गई है। तरबूज की खेती को नया आयाम देते हुए ग्राफ्टेड तरबूज ने एक अलग पहचान हासिल की है। इस उन्नत खेती से ना सिर्फ किसानों के तरबूज के पौधे मरने की समस्या से मुक्ति मिली है बल्कि इस किसानों को बेहतर फसल का लाभ भी हो रहा है। बता दें कि

- अब बिल्ट बीमारी से नहीं मरेगा तरबूज का पौधा, जबरदस्त रिकॉर्ड उत्पादन से बढ़ेगी किसानों की आय

वर्ष 2024 में करजी फार्म्स द्वारा आयोजित ग्राफ्टेड तरबूज की हार्वेस्ट डे कार्यक्रम ने क्षेत्र के किसानों को गहराई से प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में दिखाई गई उन्नत किस्मों की खेती, रोग प्रतिरोधक क्षमता और अधिक उत्पादन की संभावनाओं ने किसानों को तरबूज की खेती में दोबारा लौटने के लिए उत्साहित किया।करजी फार्म्स की पौधशाला से ग्राफ्टेड तरबूज के पौधों के रोपण के बाद किसान एक बार फिर तरबूज की खेती की ओर लौटे हैं। पहली बार ग्राफ्टेड तरबूज की खेती में 35 टन प्रति हेक्टेयर उत्पादन दर्ज किया गया है। यह सफलता ग्राम- बोझा के स्थानीय किसान धनेश्वर राजवाड़े ने आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक मार्गदर्शन से प्राप्त की। ग्राफ्टेड तरबूज की फसल की खेती को सरगुज़ा के अलावा झारखंड में भी प्रयोग कर बेहतरीन उत्पादन लिया गया। ग्राफ्टेड तरबूज की यह किस्म रोग प्रतिरोधक होने के साथ-साथ अधिक उत्पादन देने में सक्षम है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तरीका क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा। यह उपलब्धि सरगुजा को तरबूज उत्पादन में एक नई पहचान दिला सकती है। यह तरबूज की खेती में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन माना जा रहा है। किसानों ने बताया कि ग्राफ्टेड पौधे रोग प्रतिरोधक होने के साथ-साथ मौसम के अनुसार बेहतर अनुकूलन दिखाते हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक भविष्य में तरबूज उत्पादन को नया आयाम दे सकती है।



## घटिया नहर निर्माण कराने पर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत सेमरा में कराए जा रहे नहर निर्माण में बरती जा रही लापरवाही व घटिया निर्माण को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत सेमरा में एक करोड़ की अधिक लागत से नहर निर्माण कराया जा रहा है। नहर बन जाने से ग्रामीणों को न सिर्फ खेती किसानी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो जाएगी बल्कि नहर किनारे स्थित खेत के किसान दोहरी फसल ले सके है और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकेगा। लेकिन जिस तरह से नहर निर्माण हो रहा है उससे अब किसानों की आस निराश में बदलने लगी है। ग्रामीणों ने नहर निर्माण मे भारी अनियमितता बरतने और घटिया निर्माण कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि नहर निर्माण में उपयोग हो रही सीमेंट की गुणवत्ता बेहद घटिया है। निर्माण कार्य में लोकल और सस्ते सीमेंट का उपयोग खुलेआम किया जा रहा है। ऐसे में नहर कुछ माह बाद ही जर्जर हो जाएगी। लोगों के अनुसार, ठेकेदार को गुणवत्ता से कोई सरोकार नहीं। उसकी एकमात्र चिंता सिर्फ लागत कम करना और भुगतान जल्दी लेना है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने काम को पेटी ठेके में देकर खुद जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। नतीजतन निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन आधा-अधूरा और बेहद कमजोर हो गया है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि जिस तरह से काम किया जा रहा है, उसमें पहली ही बरसात में नहर टूट जाएगी और पानी बहेगा नहीं, बल्कि बहा ले जाएगा। ग्रामीणों ने प्रतापपुर एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही निर्माण कार्य की जांच कराने तथा घटिया निर्माण करने पर राशि रोकने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



## सिविल विभाग में गड़बड़ी, उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ओबीसी बैकवर्ड क्लास कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय महासचिव मंगला सिंह यादव ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक बिश्रामपुर को पत्र लिख कर नगर प्रशासन सिविल विभाग में दो वर्ष के लिए किए गए एक करोड़ रुपये से अधिक के एग्रीमेंट एएमसी कार्य में ठेकेदार व विभागीय अमले की मिलीभगत से घटिया स्तर का काम करा रोजाना मेन पावर सप्लाई में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की शिकायत की है और इसकी जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठन कर जांच कराए जाने की मांग की है।

- ओबीसी बैकवर्ड क्लास कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन क़े केंद्रीय महासचिव ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक को लिखा पत्र

एसईसीएल महाप्रबंधक को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव ने लिखे शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर प्रशासन सिविल विभाग में दो वर्ष के लिए कंपनी ने सालाना मेंटेनेंस एएमसी कार्य के लिए 1 करोड़ रुपये से अधिक राशि का अनुबंध किया गया है। उक्त कार्य में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताविहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जो आईएसआई मार्का का नहीं है,घटिया व निम्न स्तर का सामान लगा ठेकेदार आर्थिक लाभ अर्जित कर रहा है जिसमें विभागीय अधिकारी का संरक्षण उसे प्राप्त हो रहा है। इसके अतिरिक्त रोजाना मेन पॉवर सप्लाई में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है, यहां भी ठेकेदार अधिकारी से मिलीभगत कर एस्टीमेट के अनुरूप रोजाना मेन पावर नहीं भेजकर खुद क़े फायदे क़े लिये कम्पनी को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है। केंद्रीय महासचिव ने पूरे मामले की जांच उच्चस्तरीय कमेटी से कराए जाने की मांग की है।

### सरडी में 25 वार्डों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता

**बैकुण्ठपुर।** जिले के ग्राम पंचायत सरडी में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए कमेटी टीम द्वारा एक सराहनीय पहल के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत के सभी 25 वार्डों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन सोमवार को फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। इसमें वार्ड क्रमांक 19 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता और 5000 रूपए नकद पुरस्कार प्राप्त किया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# खेल समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम : लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में नगर निगम द्वारा आयोजित महापौर कप रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड क्रमांक 22 और डॉ.जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 39 के बीच गांधी स्टेडियम में खेला गया।

- महापौर कप के फाइनल में नेताजी वार्ड ने जाकिर हुसैन वार्ड को हराया, बना चैम्पियन

रोमांचक मुकाबले में नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड ने 10 ओवर में 109 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में डॉ.जाकिर हुसैन वार्ड की टीम केवल 36 रन ही बना सकी। इस प्रकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड विजेता बना और महापौर कप ट्रॉफी व एक लाख रूपए नगद पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि खेल समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। युवा वर्ग को ऐसे आयोजनों से सकारात्मक दिशा मिलती है। विजेता ओर उपविजेता दोनों ही टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि कमल युवा वाहिनी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता युवाओं में खेल भावना और अनुशासन को बढ़ावा देती है। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि नगर निगम सदैव युवाओं के विकास और खेल को प्रोत्साहित करता रहा है। आने वाले समय में बड़े स्तर पर ऐसे आयोजन होंगे। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर खेलों के मंच पर सभी का एकजुट होना भाईचारे का प्रतीक है। मैच में रोहित तिवारी को उनके शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। फैज सिद्धिकी को बेस्ट बॉलर, विक्रांत बादी को बेस्ट बैट्समैन एवं विकेटकीपर का पुरस्कार मिला। इस दौरान संयोजक अनीश सिंह, सह संयोजक शरद सिन्हा, रमन सिंह भामरा, अजय सिंह, निशांत सिंह सोलू, अजय सिंह, नितिन गुप्ता, अमोघ कश्यप, सानू कश्यप, सौरभ मिश्रा, अनुराग शुक्ला, विकास शुक्ला, हर्ष जायसवाल, दीपक यादव, सानू तिवारी, आदर्श गुप्ता और दिव्यांशु केशरी सहित बड़ी संख्या में कमल युवा वाहिनी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विनोद हर्ष और संतोष दास ने किया।

निर्णायक मंडल में ज्ञानेश्वर सिंह, शोभिक दास गुप्ता, आनंद धर दीवान, मृदंग साहू, रविशंकर भगत, दिनेश भगत और वीरू कुशवाहा शामिल थे। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, अंबिकेश केशरी, आलोक दुबे, विद्यानंद मिश्रा, मधुसूदन शुक्ला, विवेक दुबे, विकास पाण्डेय, निश्चल सिंह, फुलेश्वरी सिंह, रूपेश दुबे, कमलेश तिवारी, दीपक सिंह तोमर, आकाश गुप्ता, श्वेता गुप्ता, मधु चौदह, किरण मिश्रा, देवकी त्रिपाठी, शकुंतला पाण्डेय, प्रियंका गुप्ता, मयंक जायसवाल, प्रियंका चौबे, नीलम राजवाड़े, दीक्षा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।





online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई, 04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411